

अर्शदीप सिंह

टी-20 में बनाया विश्व रिकॉर्ड

भाजन

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष



काम्या पंजाबी

स्काउट ने किया लव को नॉमिनेट

पटना, गुरुवार , २९ अक्तूबर, २०२६ सौर ११ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

नीरज ने मारी बाजी, जनसुराज को झटका

पटना (आससे)। बिहार विधान परिषद चुनाव में पटना स्नातक सीट पर जेडीयू के नीरज कुमार ने जीत हासिल की है। हालांकि, चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। इस सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प रहा, लेकिन आखिरकार नीरज कुमार बाजी मारने में सफल रहे।

आरजेडी के दिलीप कुमार दूसरे और जन सुराज पार्टी के डॉ. अनुज कुमार सिंह तीसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस के डॉ. असदुल्लाह खान चौथे नंबर पर रहे।

पटना स्नातक सीट के चुनाव में जन सुराज के उम्मीदवार डॉ. अनुज कुमार सिंह पर सबकी नजरें टिकी थीं। इसकी एक बड़ी वजह मोकामा के विधायक अनंत सिंह का उनके समर्थन में प्रचार करना था।

अनंत सिंह ने पार्टी लाइन से हटकर अनुज सिंह के पक्ष में मोर्चा संभाला था। चुनाव के दौरान

पटना स्नातक सीट

उनकी भूमिका को लेकर भी चर्चा रही।

लेकिन नतीजों में अनुज सिंह तीसरे स्थान पर रहे। ऐसे में जन सुराज को इस सीट पर बड़ा झटका लगा है और अनंत सिंह के प्रचार का भी उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी।

पटना स्नातक सीट पर जीत का फैसला कोटा सिस्टम के आधार



पर हुआ। इस व्यवस्था में कुल वैध मतों के आधार पर जीत के लिए जरूरी कोटा तय किया जाता है।

उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, नीरज कुमार ने यह कोटा हासिल कर जीत दर्ज की। हालांकि, अंतिम मतों के विस्तृत आंकड़े और आधिकारिक घोषणा सामने आने के बाद ही परिणाम की पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी।

नीरज कुमार का राजनीतिक सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने साल 2002 में पहली बार एमएलसी चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उस समय बिहार में समता पार्टी का दौर था। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, सूरजभान सिंह की पहल पर उन्हें टिकट मिला था।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पिता की तरह 'मैनेजमेंट गुरु' साबित हुए निशांत

ललन सिंह की दूरी और अनंत की घेराबंदी के बीच दिलायी नीरज को जीत

पटना (आससे)। बिहार विधान परिषद चुनाव की पटना स्नातक सीट



केवल एक चुनावी मुकाबला नहीं, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के लिए एक बड़ा लिटमस टेस्ट मानी जा रही थी। पार्टी के भीतर दो वरिष्ठ नेताओं संजय झा और ललन सिंह के बीच अनंत सिंह के मुद्दे पर कथित खटपट की खबरें सामने आ रही थीं।

इसके बावजूद, निशांत कुमार ने बिना किसी सार्वजनिक टिप्पणी के बेहद संयम और रणनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया। उन्होंने अपने पिता नीतीश कुमार की तर्ज पर पर्दे के पीछे रहकर ऐसा मैनेजमेंट तैयार किया, जिसने न सिर्फ विरोधियों के मंसूबों को पस्त किया, बल्कि नीरज कुमार की राह भी आसान बना दी।

पटना स्नातक चुनाव में जेडीयू के सामने चुनौतियां कम नहीं थीं। बाहुबली अनंत सिंह ने नीरज कुमार को हराने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। दूसरी तरफ, पार्टी के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने नीरज कुमार के समर्थन में एक दिन भी चुनाव प्रचार नहीं किया। वरिष्ठ नेताओं के बीच चल रही इस अंदरूनी खींचतान से हालांकि निशांत नाराज भी बताए जा रहे थे, लेकिन उन्होंने चुनावी रणनीति से अपना ध्यान नहीं भटकने दिया। लगातार प्रचार और चुनाव प्रबंधन में डटे रहे।

जिस तरह नीतीश कुमार को भारतीय राजनीति में उनके अचूक चुनावी गणित और रणनीतिक कौशल के लिए जाना जाता है, ठीक उसी अंदाज में निशांत कुमार ने भी खुद को

(शेष पृष्ठ ९ पर)

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दी डॉ संजीव को बधाई

पटना (आससे)। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से राजद प्रत्याशी डॉ. संजीव कुमार की जीत की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें जीत की बधाई और शुभकामनाएं दीं। वहीं, जीत के बाद डॉ. संजीव कुमार ने एनडीए प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर यादव

(शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रशांत किशोर को सारण में झटका, मिथिला में जीत

पटना (आससे)। बिहार एमएलसी चुनाव 2026 में भले ही सारण शिक्षक सीट जन सुराज हार गई, मगर मिथिला से प्रशांत किशोर को खुशखबरी मिली है। दरभंगा शिक्षक सीट पर जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश प्रसाद राय ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं निवर्तमान

(शेष पृष्ठ ९ पर)

राजद ने भाजपा का 30 साल पुराना किला तोड़ा : तेजस्वी

पटना (आससे)। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद ने भाजपा का 30 साल पुराना किला तोड़ दिया है। राजद के पास पहले स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से आने वाले एक भी एमएलसी नहीं थे। उन्होंने एमएलसी चुनाव की मतगणना में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उम्मीदवारों को हराने के लिए ऐसा किया गया। मतगणना

(शेष पृष्ठ ९ पर)

राजद, भाजपा, जन सुराज और निर्दलीय एक-एक सीट जीते

पटना (आससे)। बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. राहुल राज ने एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार आनंद पुष्कर को 1815 मतों से हराकर जीत दर्ज की। मतगणना के 14वें राउंड के

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पटना में अराजकता हटाओ पदयात्रा, सम्राट ने संभाला मोर्चा

लोकतंत्र बचाने के लिए सड़क पर उतरे भाजपा नेता, विपक्ष पर बरसे मंत्री दिलीप जायसवाल



पटना (आससे)। पटना में भाजपा की ओर से बुधवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत पदयात्रा निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। पदयात्रा शुरू होने से पहले वह मंच से पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं। कार्यक्रम के लिए गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक पर कार्यकर्ताओं का जुटना शुरू हो गया है।

पदयात्रा कारगिल चौक से शुरू होकर मौर्या होटल के पास स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पटना की 108 साल पुरानी जलमीनार नये रूप में आयेगी नजर

पटना (आससे)। शहर के वीरचंद पटेल पथ पर मिलर हाईस्कूल के पास स्थित 108 साल पुरानी ऐतिहासिक जलमीनार अब नए रूप में नजर आएगी. अंग्रेजों के शासनकाल में बनी इस जलमीनार के जीर्णोद्धार और परिसर के सौंदर्यीकरण का काम 28 अक्टूबर 2026 से शुरू होने जा रहा है. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार सुबह 11 बजे मिलर हाईस्कूल परिसर में आयोजित समारोह में जलमीनार जीर्णोद्धार परियोजना का शिलान्यास करेंगे.

पटना नगर निगम की इस परियोजना पर 3.38 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. इसका उद्देश्य ऐतिहासिक जलमीनार को उसके मूल स्वरूप में संरक्षित करने के साथ ही परिसर को शहर के लोगों, पर्यटकों और विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाना है.

करीब 14,400 वर्गफुट क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे. जलमीनार के आसपास लगभग 10,880 वर्गफुट में हेरिटेज गार्डन विकसित किया जाएगा. इसके बीचों-बीच ऐतिहासिक जलमीनार स्थित रहेगी. परिसर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए लगभग 5,600 वर्गफुट क्षेत्र में पेवर ब्लॉक बिछाए जाएंगे.

परिसर में आने वाले लोगों की

(शेष पृष्ठ ९ पर)


हरदीप सिंह पुरी को भाजपा ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को एक बार फिर से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने पुरी को मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए कैंडिडेट बनाया है। इससे उनके मोदी कैबिनेट में बने रहने का रास्ता भी साफ हो गया है।

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उप-चुनाव 2026 के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। मध्य प्रदेश से हरदीप सिंह पुरी को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। पुरी फिलहाल केंद्र सरकार में पेट्रोलियम मंत्री हैं। कुछ समय पहले हुए विभिन्न राज्यों के चुनाव में उनको उम्मीदवार नहीं बनाया गया था, जिसके बाद अटकलें लगने लगी थीं कि क्या पुरी को कैबिनेट से हटाया जा सकता है?

कर्मचारियों को दिवाली से पहले तोहफा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार 28 अक्टूबर को हुई केंद्रीय कैबिनेट



की बैठक में कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढोतरी पर मुहर लगा दी. सरकार ने डीए और डीआर में 3प्रतिशत का इजाफा कर दिया है. अब डीए 60 फीसदी से बढकर 63 फीसदी हो हो गया है.महंगाई भत्ते और महंगाई राहत के लिए 10,016 करोड़ की राशि को मंजूरी प्रदान की गई है.

- डीए और डीआर में 3 प्रतिशत का इजाफा
- केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लगी मुहर

बैठक में आर्थिक गतिविधियों को गति देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से कुल 29,267 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी दी. घरेलू लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लिए कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग प्रमोशन स्कीम हेतु 10,000 करोड़ की राशि मंजूर की गई है. खेल उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'खेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' के तहत 1,856 करोड़ का प्रावधान केबिनेट बैठक में किया गया.

केबिनेट बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और सशक्तिकरण को गति देने के लिए कैबिनेट बैठक में ग्राम स्वराज योजना के लिए 7,395 करोड़ की स्वीकृति दी गई.

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत को लॉजिस्टिक्स और शिपिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाई गई इस कंटेनर विनिर्माण योजना को चार प्रमुख हिस्सों में बांटा गया है. इसमें ब्याज सब्सिडी सहायता, कंटेनरों की

(शेष पृष्ठ ९ पर)

गड़खा में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

छपरा। सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच-722 पर भैंसमारा के समीप बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छपरा से सवारी लेकर गड़खा की ओर जा रहा टेंपो भैंसमारा के समीप अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायलों को डायल-112 की टीम में तैनात एसआई अंकित कुमार सिंह ने तत्काल उठाकर श्रीनिवास अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उपचार के दौरान दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई। मृतकों में छपरा गांव निवासी विशाल कुमार राम

अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आया टेंपो

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

चक्रवात 'अर्नब' की वजह से मौसम ने लिया यू टर्न

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पूरे भारत में मौसम ने अचानक ऐसी करवट ली है कि कहीं समुद्र उफान मार रहा है, तो कहीं बारिश और ठंडी हवाओं के बीच सर्दी का एहसास बढ़ने वाला है। तो कहीं बेमौसम ओले पड़ गए। चक्रवात %अर्नब% के प्रभाव से ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में तेज हवाओं और भारी बारिश का दौर जारी है। गोपालपुर में मूसलाधार बारिश, विशाखापट्टनम में समुद्र की ऊंची लहरें और



यानम में सड़कों पर गिरे पेड़ तूफान की ताकत दिखा रहे हैं। वहीं, उत्तर भारत में भी मौसम बदलने के संकेत हैं।

इसके साथ ही, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में बारिश और गरज-चमक से तापमान में गिरावट आ सकती है। दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में 29-30 अक्टूबर

बिहार में दिखे साइक्लोन का असर

को ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। पहाड़ी इलाकों में बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, उत्तर भारत के मौसम में बदलाव के पीछे चक्रवात के साथ एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की भूमिका भी है। यानी एक तरफ पूर्वी तट तूफान

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पीएनबी में 35 करोड़ की हेराफेरी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की ऐच्छर गांव स्थित शाखा में खाताधारकों की करीब 35 करोड़ रुपये की रकम में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। आरोप है कि बैंक के कर्मचारियों ने कई खाताधारकों की एफडी समय से पहले तोड़कर रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दी। कई लोगों ने खातों से रकम गायब होने और एफडी खत्म होने की शिकायत की है। कई पीड़ितों ने सेविंग अकाउंट से रकम गायब होने की बात कही है। मामले की जानकारी फैलने के बाद आसपास के गांवों के कई खाताधारक बैंक पहुंच गए। पीएनबी बैंक में 35 करोड़ से अधिक की हेराफेरी के खिलाफ किसान मजदूर संगठन ने पीड़ितों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। एफआईआर करने के साथ पैसा वापस आने तक धरना देने की चेतावनी दी।

एक खाताधारक ने बताया कि उनकी मां संतोष के बैंक खाते में 1.18 करोड़ रुपये थे। लेकिन अब उनके खाते में जीरो बैलेंस है। बैंक वालों ने आश्वासन दिया है कि उनके पैसे वापस आ जाएंगे। वहीं एक अन्य पीड़ित ने कहा कि उनके खाते में 1 लाख 38 हजार रुपये बैलेंस था, लेकिन अब उनके खाते में पैसे नहीं हैं। वहीं एक किसान संगठन का आरोप है कि 130 से 150 करोड़ के बीच का गबन किया गया है। मामला सामने आने के बाद पीएनबी क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से बैंक मैनेजर सहित पांच बैंक कर्मचारियों को निलंबित कर नए स्टाफ की तैनाती की गई है। हालांकि बैंक की ओर से इस संबंध में आधिकारिक रूप से विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। वहीं बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने भी शिकायतों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ऐच्छर गांव निवासी ट्रांसपोर्टर विनीत भाटी ने मंगलवार को बीटा-2 कोतवाली में तहरीर देकर बैंक कर्मचारियों की भूमिका की जांच और 25 लाख रुपये वापस दिलाने की मांग की। उनका कहना है कि वह जय शिव ट्रांसपोर्ट नाम से फर्म चलाते हैं और उनका बैंक में करंट अकाउंट है। उन्होंने म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए बैंक कर्मचारियों से संपर्क किया था। ब्रांच मैनेजर के कहने पर उन्होंने चेक और संबंधित ब्रोशर पर हस्ताक्षर किए थे। आरोप है कि रकम उनके सेविंग अकाउंट में ट्रांसफर किए जाने के बजाय

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पासपोर्ट वेरिफिकेशन रिपोर्ट में आपराधिक कार्यवाही की मौजूदा स्थिति का उल्लेख होना चाहिए : हाईकोर्ट

प्रयागराज (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि पासपोर्ट आवेदनों के लिए दी जाने वाली पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट में आपराधिक कार्यवाही की मौजूदा स्थिति की जानकारी दी जाए। इसमें यह भी शामिल होना चाहिए कि अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई या नहीं और अदालत ने मामले का संज्ञान लिया है या नहीं।



न्यायमूर्ति अजीत कुमार एवं न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने सुरेश यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी केवल केस क्राइम नंबर का उल्लेख करके या किसी व्यक्ति के खिलाफ दाखिल चार्जशीट का विवरण देकर अपना काम पूरा नहीं मान सकते। कोर्ट ने यूपी के डीजीपी को निर्देश दिया कि पुलिस वेरिफिकेशन फॉर्म में जरूरी विवरण शामिल करें और रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से अनुपालन हलफनामा दाखिल करें। इस मामले को इसी उद्देश्य के लिए चार नवंबर को सुनवाई के लिए

(शेष पृष्ठ ९ पर)

